प्रकीर्ण वाद सं. 687/2019 (एम.ए.सी.पी.सं. 40/2003 **इजराय सं.** 356/ 2018)
श्रीमती लड़कुरा आदि बनाम वीरेन्द्र कुमार आदि

15.07.2020

प्रार्थिनी श्रीमती लड़कुरा ने इजराय सं. 356/2018 (एम.ए.सी.पी. सं. 40/2003) श्रीमती लडकुरा आदि बनाम वीरेन्द्र कुमार आदि में हुये राजीनामा के आधार पर न्यायाधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में पारित आदेश दिनांकित 13.07.2019 के अनुक्रम में विपक्षी वाहन स्वामी द्वारा चेक के माध्यम से दिनांक 14.02.2016 को जमा कराये गये 75,000/- रुपये को प्राप्त करने हेतु यह 3सी प्रार्थनापत्र (प्रकीर्ण वाद सं. 687/2019 प्रस्तुत) किया गया है। उक्त प्रार्थनापत्र के समर्थन में प्रार्थिनी ने 4C2 स्वयं का शपथपत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें उसने कथन किया है, कि उक्त आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय व अन्य न्यायालय से कोई स्थगन नहीं है। समर्थन में प्रार्थिनी ने उक्त आदेश दिनांकित 13.07.2019 की सत्य प्रतिलिपि व स्वयं के आधार कार्ड व पास बुक की छाया प्रतियां दाखिल की हैं। इसके अतिरिक्त पत्रावली में इजराय सं. 356/2018, एम.ए.सी.पी. सं. 40/2003 श्रीमती लडकुरा आदि बनाम वीरेन्द्र कुमार आदि की पत्रावलियां भी उपलब्ध हैं, जिनका मैंने अवलोकन किया। इजराय सं. 356/2018 (एम.ए.सी.पी. सं. 40/2003) श्रीमती लड़कुरा आदि बनाम वीरेन्द्र कुमार आदि में हुये राजीनामा के आधार पर न्यायाधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में पारित आदेश दिनांकित 13.07.2019 के अनुक्रम में 75,000/- रुपये प्रार्थिनी श्रीमती लड़कुरा को प्रदान की जानी है। प्रार्थिया के विद्वान अधिवक्ता ने अवगत कराया कि प्रकरण से संबंधित क्षतिपूर्ति की धनराशि न्यायाधिकरण के पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झाँसी में जमा है। प्रार्थिनी वर्चुअल न्यायालय के समक्ष उपस्थित आयी। प्रार्थिनी ने अपना खाता जिला सहकारी बैंक शाखा गुरसरांय, झाँसी में होना बताया है तथा पासबुक की छाया प्रति भी पत्रावली पर दाखिल की है। मेरे विचार से प्रार्थिनी श्रीमती लड़कुरा उक्त धनराशि मय अब तक का समस्त व्याज को पाने की अधिकारिणी है।

आदेश

पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह इजराय सं. 356/2018(एम.ए.सी.पी. सं. 40/2003) श्रीमती लड़कुरा आदि बनाम वीरेन्द्र कुमार आदि के प्रकरण में जमा धनराशि 75,000/- (पचहत्तर हजार) रुपये मय अब तक के अर्जित ब्याज सहित प्रार्थिनी श्रीमती लड़कुरा के खाता सं. 000802200100846 IFSC-ICIC00ZSBLJ में आर .टी.जी.एस./नेफ्ट के जरिये अबिलम्ब स्थानान्तरित करें तथा अनुपालन आख्या तीन दिन के अन्दर न्यायालय को प्रेषित की जाय। 3B प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पीठासीन अधिकारी,
मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण,
झांसी।

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.07.15 18:47:48 IST
Reason: Document Owner
Location: MACT JHANSI